वीयू–माननीय प्रधानमंत्री के किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का हिस्सा बने वि.वि. से जुड़े किसान

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा जी के कुशल निर्देशन एवं नेतृत्व में, संचालक विस्तार शिक्षण डॉ. सुनील नायक, पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा जी व मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.के. महाजन के मार्गदर्शन में आज 2 अगस्त 2025 शनिवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का आयोजन 247 किसानों के सानिध्य मे किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषक बंधु वर्चुअल माध्यम से वाराणसी में चल रहे माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी जी तथा श्री रत्नेश सोनकर बीजेपी जिला अध्यक्ष की विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही, कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय कुलपति प्रोफ़ेसर मनदीप शर्मा जी ने की। विधायक श्री रोहाणी जी ने सभी किसान को किसान सम्मान निधि प्राप्त होने के बधाई दिए। कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी द्वारा किसानों को अपने देश में बने उत्पादों और सेवाओं को प्राथमिकता देंने, उनका प्रचार करने और उनके उपयोग को बढ़ावा देंने पर जोर दिया जिससे स्थानीय व्यवसायों, कारीगरों, और उद्योगों को आर्थिक रूप से मज़बूती मिले। जो आत्मनिर्भर भारत अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार आरम्भ में विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक एवं निर्देशक अनुसंधान डॉ श्रीकांत जोशी एवं डॉ महाजन द्वारा किसानों को संबोधित किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा मुर्गी पालन, डेयरी पालन एवं बकरी पालन के ऊपर व्याख्यान विशेषज्ञ द्वारा दिए गए तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के

द्वारा किसानों को अतिथियों द्वारा मत्स्य बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण मैं माननीय प्रधामंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का संदेश किसानों द्वारा सुना गया, कार्यक्रम के अंतिम चरण में माननीय प्रधानमंत्री जी एवं यूनियन मिनिस्टर द्वारा किसानों से परिचर्चा का आरम्भ हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ. तोमर संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉक्टर जोशी, सभी विभागों के विभाग अध्यक्ष, प्राध्यापगण छात्र–छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रुचि सिंह, डॉ सोना दुबे, डॉ. हरी आर द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर